भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

2012 का परिपत्र संख्या 28 जो कि पत्रांक सं. 804(4)/45-परीक्षा/परिपत्र/पूरक फरवरी 2013/2012 दिनांक 19-12-2012 के अन्तर्गत जारी किया गया है कि हिन्दी अनुवाद।

विषयः- फरवरी/मार्च 2013 में होने वाली पूरक एसएएस परीक्षा के लिए तिथि-पत्र।

महोदय/महोदया,

पत्र संख्या 628/45-परीक्षा/परिपत्र/पूरक 13/2012 दिनांक 12-10-2012, के अन्तर्गत जारी किए गए परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 23 की निरन्तरता में दिनांक 26-02-2013 से 02-03-2013 तक आयोजित होने वाली फरवरी/मार्च 2013 पूरक एसएएस परीक्षा की तिथि-पत्र संलग्न है।

कृपया इस पत्र की पावती भेंजे।

संलग्नक - तिथि-पत्र

हस्ताक्षरित

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुरशाह जफरमार्ग
नई दिल्ली।

फरवरी/मार्च 2013 पूरक एस.ए.एस. परीक्षा का तिथि-पत्र

| दिनांक/दिन | पूर्वाहन सत्र (9 : 00 से 13 : 30) | अपराहन सत्र (14 : 00 से 18 : 30) |
|---|---|---|
| | बैच I एवं II | बैच III एवं IV |
| 26 02- 2013 मंगलवार | पी.सी. - 1 (1पेपर) | पी.सी. - 8,9,10,11 एवं 12 (5 पेपर) |
| 27-02- 2013 वुधवार | पी.सी.- 2 (1पेपर) | पी.सी. - 13,14 एवं 15 (3 पेपर) |
| 28-02-2013 बृहस्पतिवार | पी. सी. - 3 (1पेपर) | पी. सी. - 16,17,18,19 एवं 20 (5 पेपर) |
| 1-03-2013 शुक्रवार | पी.सी.- 4 (1पेपर) | पी.सी.- 21,22,23,24,25 एवं 26 (6पेपर) |
| 2-03-2013 शनिवार | पी.सी.-5,6,7 (3पेपर) | पी.सी.- 27,28,29 (3 पेपर) |

# बैच टाईमिंग्स

| दिनांक/दिन | पूर्वाहन सत्र | | अपराहन सत्र | |
|---|---|---|---|---|
| | बैच - I | बैच - II | बैच - III | बैच - IV |
| 26-02-2013<br>मंगलवार | 9 : 00<br>से<br>11 : 30 | शून्य | 14 : 00<br>से<br>16.: 00 | 16 : 30<br>से<br>18 : 30 |
| 27-02-2013<br>से<br>02-03-2013<br>बुधवार से<br>शनिवार | 9 : 00<br>से<br>11 : 00 | 11 : 30<br>से<br>13 : 30 | 14 : 00<br>से<br>16 : 00 | 16 : 30<br>से<br>18 : 30 |

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग।

**2012 का परिपत्र संख्या. 27** जो कि पत्र संख्या. 798/45-परीक्षा /परिपत्र/2010 दिनांक: - 07-12-2012 के अन्तर्गत जारी किया गया का हिन्दी अनुवाद।

विषयः-एस.ए.एस पूरक परीक्षा फरवरी 2013- पीसी-1, एवं पी.सी.-4 के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

फरवरी, 2013 में 26-02-2013 से 02-03-2013 तक आयोजित होने वाली एस.ए.एस. पूरक परीक्षा में भाग ले रहे अभ्यर्थियों के लिए सूचना है कि पीसी-1, भाषा कौशल की सी.बी.टी मोड से परीक्षा देते समय टैब एवं कन्ट्रोल की, कट, कॉपी एवं पेस्ट कमान्डस को निष्क्रय कर दिया जाता है। टूल बाक्स में दिखाये गये इन्डैन्ट बटन का प्रयोग पैरो के बीच की जगह बढ़ाने या घटाने में किया जायेगा जैसा कि निर्देशों में दर्शाया गया है। पी.सी-4 सूचना तकनीकि (व्यवहारिक) प्रश्न-पत्र में भी शॉर्ट कट कीज़ जैसे Ctrl key भी निष्क्रय रहेगा।

उल्लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को तद्नुसार सूचित किया जाये।

हस्ताक्षरित

प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

**2012 का परिपत्र संख्या. 26** जो कि पत्र संख्या. 643/45-परीक्षा /परिपत्र/2010 दिनांक: - 31-10-2012 के अन्तर्गत जारी किया गया का हिन्दी अनुवाद।

विषयः- पीसी-4- सूचना प्रौद्योगिकी (व्यवहारिक) एवं पीसी-1, भाषा कौशल- सॉफ्टवेयर रूपांतरण के संदर्भ में फरवरी 2013 में पूरक एस.ए.एस परीक्षा।

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि फरवरी, 2013 की एस.ए.एस. पूरक परीक्षा में पीसी-4- सूचना प्रौद्योगिकी (व्यवहारिक) एवं पी सी-1. भाषा कौशल के लिए संचालन प्रणाली एवं सॉफ्टवेयर क्रमशः विंडोज XP & MS office 2003 होंगे।

कृपया इस पत्र की प्राप्ति की पावती भेजे।

हस्ताक्षरित

प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली

परीक्षा अनुभाग

**2012 के परीक्षा परिपत्र सं. 25** जो कि पत्रांक सं. 746/35- परीक्षा /2008 /V

दिनांक 17- 10.-2012 के अन्तर्गत जारी किया गया का हिन्दी अनुवाद।

**विषय :- दिनांक 26-02-2013 से 02-03-2013 तक आयोजित होने वाली अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा परीक्षा (पूरक) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए छूट स्तरों का निर्धारण।**

महोदय/महोदया,

अप्रैल 1986 के उच्चतम न्यायालय के निर्णय एंव भारत सरकार, कार्मिक एंव लोक शिकायत एंव पेंशन मंत्रालय (कार्मिक एंव प्रशिक्षण विभाग) के दिनांक 3 अक्तूबर 2000 के पत्र सं. 36012/23/96 - स्था., (आरईएस) खण्ड II के अर्न्तगत जारी अनुदेशों के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने दिनांक 26-02-2013 से 02-03-2013 तक आयोजित होने वाली निर्धारित एसएएस (पूरक) परीक्षा के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति श्रेणियों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को अनुमत किए जाने वाली छूट की सीमा के लिए सावधानी पूर्वक विचार किया है और निर्णय लिया है कि छूट की सीमा निम्न प्रकार होगी।

एसएएस समूह –I और II के सभी प्रश्न पत्रों के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में 5 प्रतिशत तक की छूट होगी। दूसरे शब्दों में उन अभ्यर्थियों को जो विशेष प्रश्न पत्र में 45 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त नही करते हैं, को उस प्रश्न पत्र में छूट के साथ साथ उत्तीर्ण घोषित करने के लिए 5 प्रतिशत तक अकों की छूट प्रदान की जाएगी।

उपरोक्त छूट दिनांक 26-02-2013 से 02-03-2013 तक में अयोजित होने वाली एस.ए.एस (पूरक) परीक्षा के लिए हैं। अनुजाति/अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए इस प्रकार की छूट की सीमा की समीक्षा तथा तद्नुसार अधिसूचना भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के आयोजन से पूर्व की जायेगी।

इस छूट के लिए व्यापक प्रचार किया जाए और अनु.जा./ अनु. ज. जा. अभ्यर्थियों को समुचित रूप से उपर्युक्त छूट के बारे में सूचित कर दिया जाए।

कृपया इस पत्र की प्राप्ति की पावती भेंजे।

हस्ताक्षरित

प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली।
परीक्षा अनुभाग

**2012 का परिपत्र संख्या. 24** जो कि पत्र संख्या. 747/45-परीक्षा / परिपत्र/ पूरक/ 13 - 2010-12 एस.ए.एस./ दिनांक: - 17 - 10 - 2012 के अन्तर्गत जारी किया गया का हिन्दी अनुवाद।

विषय: - 26-02-2013 से02-03-2013 तक में होने वाली पूरक एस ए एस. परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण हेतु दिशा निर्देश और परीक्षा केन्द्रों की सूची।

महोदय/महोदया,

परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 23 जो कि पत्रांक सं.628/45-परीक्षा/परिपत्र/2012 दिनांक 12-10-2012 के अन्तर्गत जारी किया गया था के द्वारा पहले सूचित किया गया था कि अगली पूरक एस.ए.एस. परीक्षा वर्तमान अभ्यर्थियो अर्थात वे अभ्यर्थी जो सितम्बर 2012 में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए थे या पूर्व की एस.ओ.जी.ई./एस.ए.एस. परीक्षा में सम्मिलित हुए थे परन्तु परीक्षा में उत्तीर्ण नही हुए दिनाक 26-02-2013 से 02-03-2013 तक आयोजित होगी

2. उपरोक्त परीक्षा के लिए सम्भावित अभ्यर्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण 01-11-2012 से 15-11-2012 तक के लिए खुला होगा। क्योंकि पंजीकरण ऑनलाइन है इसमें की गई प्रविष्टियों के साथ पंजीकरण को पुनः खोले जाने की कोई गुंजाइश नहीं है इसलिए महत्व दिया जाता है कि अभ्यर्थियों के विवरणों की यथातथ्यता का सत्यापन एवं सुनिश्चय सेवा पुस्तिका और इस सम्बन्ध में दूसरे अभिलिखों से किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी पंजीकृत हो जाता है तो अवसर को उसका उपयोग किए जाने के समान माना जाएगा।

3. उपर्युक्त उल्लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने -अपने कार्यालयों, जिससे वे सम्बन्धित हैं, में उनके आवेदन पत्रों को भरवाकर ऑन लाइन

पंजीकृत किया जाना है। सम्बन्धित कार्यालयों के वरिष्ठ उप महालेखाकार/उप महालेखाकार (प्रशासन) अथवा वरिष्ठ लेखा/लेखा परीक्षा अधिकारी/लेखा/लेखा परीक्षा अधिकारी (प्रशासन) को अभ्यर्थी के पंजीकरण की प्रक्रिया का व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करना है तथा अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये विवरणों की यथातथ्यता को सुनिश्चित करना है। इस से न केवल तथ्यों की यथार्थता सुनिश्चित होगी बल्कि पंजीकरण में दुहरीकरण से बचाव होगा और यह निवेश नियन्त्रण के रूप में कार्य करता है। इस प्रयोजन के लिये क्षेत्रीय कार्यालयों को इन्टरनेट की सुविधा सहित एक या अधिक समर्पित कम्प्यूटरों को पृथक/उद्दिष्ट करना चाहिए।सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में पंजीकरण के लिए तथा अभ्यावेदन के अनुमोदन, जो कि विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा के, कूटशब्द उत्पन्न किये जा चुके हैं और अलग से सम्प्रेषित किए जायेंगे।

4. अभ्यर्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने के बाद भी अपूर्ण/गलत/विलम्बित पंजीकरण के कुछ मामले देखने में आये हैं। पंजीकरण विवरणों की जांच के दौरान यह देखा गया कि कुछ अभ्यर्थियों ने पंजीकरण के समय आवेदन में समूह I या समूह II या दोनो समूहो को भरा तथा अन्तिम क्षणों में समूह परिवर्तन करने की प्रार्थना की। कुछ अभ्यर्थियों ने पंजीकरण के समय कुछ प्रश्न पत्रों में छूट का दावा नही किया तथा पंजीकरण के समापन के बाद या प्रवेश पत्र जारी करते समय छूट का दावा किया। एक ऐसा मामला भी प्रकाश में आया जहॉ परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यालय से अभ्यर्थी के नाम में संशोधन करने की प्रार्थना की गयी। इससे कार्य प्रणाली में बहुत असुविधा होती है। **इन से यह संकेत मिलता है कि परीक्षा के लिए अभ्यर्थन का अनुमोदन करते समय अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये आवेदनों की क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा ठीक से जाँच नहीं की गई है।** इसे नही दोहराया जाना चाहिए । इसलिए कृपया अन्य बातों के साथ साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि:-

(i) अभ्यर्थी का पूरा नाम और उसका पितृत्व सेवा पुस्तिका के अनुरूप ही दर्ज किया गया है। सभी विवरणो की पूर्ण जाँच के बाद अभ्यर्थियों का पंजीकरण प्रशासन द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि कृपया सुनिश्चित करे कि भरे गये विवरण पूर्ण तथा सही है।

(ii) अभ्यर्थी द्वारा भरा गया ब्यौरा प्रशासन ने विधिवत जाँच लिया हैः विशेष रूप से सूचकांक संख्या/वर्ष/शाखा जिसमें कि वह बैठा/बैठी है, पदनाम और छूट का दावा। एस.ए.एस./एस.ओ.जी.ई. तथा नॉन एस.ए.एस से संबंधित छूट के दावो का विवरण ठीक ठीक फील्ड़ में भरे गये है।

(iii) पात्र मंडलीय लेखाकार/मंडलीय लेखा अधि.- II द्वारा पी.सी.-16 में छूट के दावे के लिए पंजीकरण मॉडयूल में एक अलग फील्ड का प्रावधान किया गया है। पात्र अभ्यर्थी मंडलीय लेखाकार ग्रेड परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष तथा अनुक्रमांक भरेगें। मंडलीय लेखाकारो/मंडलीय लेखा अधि. ग्रेड - II द्वारा पी.सी.16 में छूट सम्बन्धी भरे गये विवरण की प्रशासन जाँच करेगा।

(iv) अभ्यर्थी अपने-अपने कार्यालयों से जिससे कि उनका संबंध है से पंजीकृत होने चाहिए। जिस फोटो को अपलोड किया जा रहा है वह प्रथम अक्टूबर, 2012 से पूर्व का नही होना चाहिए।

(v) यदि किसी कार्यालय विशेष से पंजीकृत होने बाद किसी भी अभ्यर्थी का स्थानान्तरण दूसरे कार्यालय में हो जाता है तो उसके स्थानान्तरण के विषय में मुख्यालय को तुरन्त सूचित करें।

5. उपर्युक्त परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण हेतु विस्तृत निर्देश/चरण केन्द्रों की सूची सहित संलग्न हैं।

6. इसके अतिरिक्त, स्थायी आदेशों की नियमपुस्तिका (प्रशासकीय) खण्ड -I के अध्याय IX में निर्धारित अन्य दूसरी जाँचों को समुदाय, दावा की गई छूटों आदि जैसी अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई महत्वपूर्ण सूचना के पूर्ण सत्यापन के अलावा विभागाध्यक्ष द्वारा पूरा किया जाना है।

परिपत्र की प्राप्ति की पावती भेजें।

हस्ताक्षरित

अनुलग्नकः- उपर्युक्तानुसार

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक(परीक्षा)

**फरवरी 2013 की पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा परीक्षा / के लिए परीक्षा - अभ्यर्थियों के पंजीकरण हेतु दिशा निर्देश**

## (अ) अभ्यर्थियों का पंजीकरण -(रजिस्ट्रेशन माडयूल)

(1) http://examreg.cag.gov.in/registration/ वेब पते पर लॉग ऑन करें।

(2) प्रणाली आपके कार्यालय कोड एवं कूटशब्द के लिए पूछती है। कृपया उन्हें दर्ज करें। कूटशब्द अलग से भेजा जा रहा है।

(3) पंजीकरण के लिए आवेदन में महत्वपूर्ण आवश्यक सारी जानकारी हेतु लाल तारांकन का संकेत दिया गया है। प्रणाली आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान तब तक नहीं करेगी जब तक कि लाल तारांकन वाली सारी जानकारी भरी न जा चुकी हो।

(4.) सितम्बर 2012, मार्च 2012 (पूरक), अगस्त 2011 या नवम्बर 2010 की सी बी टी प्रणाली में पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी नवीनतम सूचकांक संख्या सी बी टी सितम्बर 2012, मार्च 2012 (पूरक), अगस्त 2011 या नवम्बर 2010, जैसा भी हो, दर्ज करें। जन्म तिथि का चयन करें और प्रस्तुत (Submit) बटन दबाएं। उसके बाद जैसा पूछा गया हो आवश्यक खानों को भरें।

(5.) परीक्षार्थी जो पूर्व की अनुभाग अधिकारी ग्रेड परीक्षा मे बैठे थे और सी बी टी सितम्बर 2012, मार्च 2012 (पूरक) अगस्त 2011, या नवम्बर 2010 में नही बैठे है उनका अनुभाग अधिकारी ग्रेड परीक्षा की सूचकांक संख्या, वर्ष और माह जिसमें वह अन्तिम बार सम्मिलित हुए थे दर्ज करने के बाद "प्रस्तुत नया पंजीकरण (submit new registeration)" बटन को दबाएं। तब जैसा कहा गया हो आवश्यक खानों को भरें।

(6.) "प्रस्तुत (Submit)" बटन को दबाने से पहले अभ्यर्थी अपनी जानकारी का सूक्ष्म विवेचन कर लें। यदि किसी जानकारी को संशोधित करना हो तो ऐसा करने के लिये "सम्पादित (Edit)" बटन दबायें। यदि सम्पादित किया जाए तो हस्ताक्षरित फोटो को एक बार फिर "ब्राऊस (Browse)" बटन का प्रयोग करके पुनः अपलोड करें। **दोहराने के लिये; यदि किसी भी जानकारी को संशोधित/सम्पादित किया जाता है तो हस्ताक्षरित फोटो को ब्राऊस बटन का प्रयोग करके पुनः संलग्न/अपलोड करें।** एक बार प्रस्तुत करने पर, संशोधन पंजीकरण के स्तर पर पंहुच कर नही किया जा सकता।

(7) एक बार अभ्यर्थी "प्रस्तुत (Submit) बटन दबाता है प्रणाली आवेदन को अंतिम रूप समझती है और अभ्यर्थी का एस.ए.एस. के लिए "एस" उपसंर्ग लगाकर सूचकांक संख्या बना देता है।

(8) सूचकांक संख्या अभ्यर्थी द्वारा नोट किया जाये जो कि भविष्य में पत्राचार के लिए उपयोगी है और विन्डो बंद कर दें। इससे अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

(9) वैकल्पिक जानकारी जैसे ई-मेल पता, मोबाईल फोन नम्बर तथा कार्यालय पहचान पत्र संख्या सही ढग से लिखें जिससे प्रवेश पत्र के जनन तथा प्राप्त करने और परीक्षा हाल में प्रवेश करने के लिए संदेश भेजने की सुविधा दी जा सके ।

(10) प्रत्येक पंजीकरण एक प्रयास के रूप में गिना जाता है। याद रहे, एस.ए.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु नवम्बर 2010 से केवल छह प्रयास ही अनुमेय है। इसलिए, केवल वही अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकरण करे जो परीक्षा देने के लिए तैयार हैं। एक बार अभ्यर्थी का पंजीकरण हो गया तो अभ्यर्थिता से वापसी अनुमेय **नहीं** है।

**(ब) विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदन (प्रशासनिक मॉडयूल)**

1) विभागाध्यक्ष को सीएजी की एमएसओ (प्रशासनिक) खण्ड -I के अध्याय 9 के अनुसार छूट की अनुमति सहित अच्छी तरह से जाँच कर लेनी चाहिए।

(2) प्रणाली आपका प्रयोक्ता आई.डी. तथा कूट शब्द पूछती है। प्रयोक्ता आई. डी. "cag" है तथा कूट शब्द अलग से भेजा जा रहा है। कृपया उन्हें दर्ज करें। विभागाध्यक्ष प्रयोक्ता आई.डी. तथा कूटशब्द को बदल सकता है।

(3) विभागाध्यक्ष (HOD) अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारी का विवरण देख सकते है। प्रणाली उस दिनांक तक प्राप्त आवेदनों की संख्या को उनकी सूचकांक संख्या के साथ दिखाती है।

(4) विभागाध्यक्ष अभ्यर्थी की पंजीकरण संख्या तथा स्क्रीन पर उपलब्ध छूट का उत्पत्ति स्थान पर क्लिक करके अभ्यर्थी द्वारा प्रविष्ट की गई छूट के दावो का सत्यापन ऑन लाइन कर सकते है।

(5) विभाग प्रमुख "सम्पादन (Edit)" मेनू के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी को संशोधित कर सकते है।

(6) अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के सम्पादन हेतु http://examreg.cag.gov.in/cag-admin वेब पते पर लॉग ऑन करें। दिये गये विस्तृत विवरण के सत्यापन के बाद, यदि सब कुछ सही पाया जाता है तो "सबमिट" बटन पर क्लिक करें। यह अभ्यर्थी के आवेदन के लिए विभाग प्रमुख के अनुमोदन को पूरा करता है।

(7) कोई भी स्पष्टीकरण गैर अनुमोदित अभ्यर्थी सहित अभ्यर्थी से अलग से प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा जानकारी/स्पष्टीकरण प्राप्त करने के उपरांत विभाग प्रमुख को "admin" मॉडयूल पर दोबारा से जाकर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता का अनुमोदन कर सकते है।

**(स) मुख्यालय मॉडयूल**

(1) विभागाध्यक्ष द्वारा प्रयोग किए गए वेब पते पर ही किसी दूसरे प्रयोक्ता आई.डी" एवं कूटशब्द द्वारा प्रधान निदेशक (परीक्षा) उपयोग करते हैं।

(2) मुख्यालय में जाँच कम से कम रखी जाएगी क्योंकि विभागाध्यक्ष द्वारा सभी आवश्यक जाँच की जा चुकी होगी तथापि, यदि चयनित प्रतिशत की जाँच में कोई कमी पाई गई तो सभी आवेदन सम्बंधित कार्यालय को पुन: सत्यापन हेतु प्रेषित किये जायेगे।

(3) अभ्यर्थिता के अंतिम अनुमोदन की जानकारी वेबसाइट में विभागाध्यक्ष के पास उपलब्ध है। तथापि "admin" मॉडयूल के क्रंम संख्या 2 और 3 में दी गई प्रक्रिया का पालन करना है।

(4) इसके साथ ही अभ्यर्थी के पंजीकरण का कार्य पूर्ण हो जाता है।

हस्ताक्षारित

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली।
परीक्षा अनुभाग

**2012 का परिपत्र संख्या. 23** जो कि पत्रांक 628/45-परीक्षा / परिपत्र/ पूरक/ 13 - 2012 एस.ए.एस./ दिनांक: - 12 - 10 - 2012 के अन्तर्गत जारी किया गया का हिन्दी अनुवाद।

विषय: - एस ए एस (पूरक). परीक्षा फरवरी 2013

महोदय/महोदया,

कर्मचारी नियुक्ति विंग के परिपत्र संख्या 34-कर्म नियु-I /2011 जो कि पत्रांक 938-कर्मचारी (नियु.)- I/2011 दिनांक 24-11-2011 के अन्तर्गत जारी किया गया था के सम्बन्ध में एसएएस (पूरक) परीक्षा प्रतिवर्ष फरवरी/मार्च में आयोजित होनी है। तद्नुसार अगली एसएएस (पूरक) परीक्षा 26-2-2013 से 02-03-2013 तक आयोजित होंगी यह परीक्षा वर्तमान अभ्यर्थियों के लिए होगी अर्थात वे अभ्यर्थी जो एसएएस परीक्षा सितम्बर 2012 या पूर्व एसओजीई/एसएएस में सम्मिलित हुए परन्तु परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे। यह परीक्षा उन्ही कार्यालयों के अभ्यर्थियों के लिए होगी जो परीक्षा अनुभाग के 2012 का परिपत्र संख्या 05 जो कि पत्रांक 203/5-परीक्षा/परिपत्र/2012 दिनांक 9-4-2012 के अर्न्तगत सितम्बर 2012 में एसएएस परीक्षा आयोजित हुई थी।

उल्लिखित परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों का ऑन लाइन पंजीकरण 1-11-2012 से 15-11-2012 तक खुलेगा। क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अभ्यर्थियों के पंजीकरण के लिए प्रयोक्त आई डी तथा कूट शब्द अलग से भेजे जा रहे हैं।

पुनः यह सूचित किया जाता है कि पी.सी.। भाषा कौशल के हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए उपरोक्त परीक्षा के लिए कस्टमाइजड ले आउट की बोर्ड " रैमिंगटन" के साथ आमतौर पर प्रयोग होने वाला "अक्षर" फोन्ट उपलब्ध होगा। यह पहले ही सी.ए.जी. की बेबसाइट पर पी सी- । भाषा कौशल के अभ्यर्थियों की अभ्यास के लिए

डेमो टैस्ट में अपलोड किया हुआ है। डेमोटेस्ट बेबसाइट http/76.74.250.14/cagdtest पर मार्ग About us>otherwing>Examition द्वारा पहुँचा  जा सकता है। यह दोहराया जाता है कि अभ्यर्थियों की सी.बी.टी. मोड द्वारा परीक्षा से परिचय कराने के लिए पी.सी.। भाषा कौशल के भाग "ब" (मसौदा एवं लेखन मौलिक योग्यताएं) सी.बी.टी. मोड से अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें।

अभ्यर्थियों को तद्नूसार सूचित करें ।

हस्ताक्षरित

प्रधान निदेशक(परीक्षा)

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली।**

**2012 का परिपत्र संख्या 22 जो कि पत्रांक सं. 621/4-परीक्षा/प्रोग्राम/एस.ए.एस./आर.ए./आई.ई./2010 खंड -I दिनांक 09-10-2012 के अन्तर्गत जारी किया गया है का हिन्दी अनुवाद।**

**विषय- एस.ए.एस./राजस्व लेखा परीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षाएं।**

पत्र संख्या 632-एन.जी.ई. (नियु.)/24-2010 दिनांक 02-06-2010 के अन्तर्गत जारी किए गए स्टाफ नियुक्ति विंग के परिपत्र सं. 17 एन.जी.ई/2010 की निरंतरता में अनुभाग अधिकारी ग्रेड/राजस्व लेखापरीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षाओं की नयी प्रणाली के संबंध में, एस.ए.एस./आर.ए.ई./आई.ई. परीक्षाओं में अटकलबाजी पर नियंत्रण के लिए सक्षम प्राधिकारी ने उपरोक्त परीक्षाओं में नकारात्मक अंकन प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। जहाँ अभ्यर्थी बहु विकल्प प्रश्नों (एस.सी.क्यू) के पर आधार जाँचे जाते हैं नकारात्मक अंकन सीमा 0.25 अंक (25%) होगी। नकारात्मक अंकन की प्रणाली वार्षिक एस.ए.एस./आर.ए. /आई.ई.2013 (मुख्य परीक्षा) से प्रारंभ होगी जो कि अगस्त/सितम्बर 2013 में होनी है। इसे व्यापक प्रचार दिया जाए।

इस परिपत्र की पावती भेजें।

**हस्ताक्षरित**

**प्रधान निदेशक (परीक्षा)**

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली।**

**2012 का परिपत्र संख्या 21 जो कि पत्रांक सं. 638/प्र. नि. (परीक्षा)/परिणाम /एस.ए.एस./आर.ए./आई.ई./सितम्बर 2012, दिनांक 05/10/2012 के अन्तर्गत जारी किया गया है का हिन्दी अनुवाद।**

**विषयः- सितम्बर 2012 की एस.ए.एस./राजस्व लेखापरीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षा के परिणाम।**

आपको यह सूचित किया जाता है कि 11-09-2012 से 17-09-2012 तक आयोजित सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस./राजस्व लेखापरीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सभी संबंधित विभाग प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे परिणाम तथा अंक प्रति को डाऊनलोड करने के लिए निम्नलिखित वेब लिंकों में से किसी का प्रयोग कर सकते हैं -

http://examreg.cag.gov.in/cag_admin/

http://saiindia.gov.in/english/home/about_us/Other_Wings/Examination/Result/Result.html

प्रयोगकर्त्ता आई डी एवं कूट शब्द वही रहेगा जो कि अभ्यर्थियों के पंजीकरण के अनुमोदन हेतु विभागीय प्रमुखों को भेजा गया था। हस्ताक्षरित हार्ड कापी अलग से भेजी जा रही है।

**हस्ताक्षरित**

**प्रधान निदेशक (परीक्षा)**

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

**2012 का परिपत्र संख्या 20 जो कि पत्रांक सं. 578/129-परीक्षा /एस.ओ.जी.ई./पाठ्यक्रम/संशो. /2009/खंड V - दिनांक 04/09/2012 के अन्तर्गत जारी किया गया है का हिन्दी अनुवाद।**

------------------------- XX ---------------------------

विषयः- लेखा एवं हक कार्यालयों के वरि. ले.अ./ले.अ./स.ले.अ. के लिए प्रोत्साहन परीक्षा के प्रश्न-पत्र आई ई.- I लेखांकन प्रबंधन के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित।

पत्र संख्या 632 - एन.जी.ई.(नियु.)/24-2010 दिनांक 07-06-2010, के अन्तर्गत परिचालित् लेखा एवं हकदारी कार्यालयों के व.ले.अ../ले.अ./स.ले.अ. के लिए प्रोत्साहन परीक्षा के प्रश्न-पत्र आई.ई.- I "लेखांकन प्रबंधन" अध्याय 2 एवं 3 में लिखित शीर्षक "बजट, अनुदान एवं विनियोजन" के स्थान पर क्रमशः "वित्तीय प्रबंधन की सामान्य प्रणाली" एवं "बजट संरूपण एवं परिपालन" पढ़े जाये।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं. 535/45-परीक्षा पावती/सितम्बर/2012
दिनांकः- 17-08-2012

2012 का परिपत्र संख्या 19
(हिन्दी अनुबाद)

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए./आई.सी.आई.एस.ए. निदेशक (कार्मिक)

विषयः- सितम्बर, 2012 में होने वाली एस.ए.एस./आर.ए. एवं प्रोत्साहन परीक्षाओं के लिए प्रवेश -पत्र।

महोदय/महोदया,

सितम्बर, 2012 एस.ए.एस./आर.ए/ आई.ई. परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र तैयार हैं तथा निम्नलिखित लिंक से 21-08-2012 से 31-08-2012 तक डाउनलोड किए जा सकते है। एस.ए.एस. के प्रवेश पत्र की एक नमूना प्रतिलिपि संलग्न की है। प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी किए जाने है तथा अभ्यर्थी द्वारा सीधे डाउनलोड की अनुमति नही है। अभ्यर्थी को अपनी हाल ही की पासपोर्ट आकार की फोटो जो कि 01-04-2012 से पहले की न हो, प्रवेश पत्र में दिए गए स्थान पर चिपका कर हस्ताक्षर करने है। प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व.ले.अ./ले.अ. प्रशासकीय भारसाधक द्वारा प्रमाणित किए जाने है। यह दो प्रतियों में है; एक अभ्यर्थी के लिए तथा दूसरी कार्यालय अभिलेख के लिए (कार्यालय प्रतियों)। प्रवेश पत्रों का मुद्रण 25 प्रवेश पत्रों के बैच में निम्नलिखित मार्ग पर क्लिक करके लिया जा सकता हैः

- लिंक http://examreg.cag.gov.in/cag_admin
- जैसे कि पहले सूचित किया गया है, अभ्यार्थिता के अनुमोदन के लिए "यूज़र आई. डी. एवं विभागाध्यक्ष पासवर्ड" का प्रयोग करें।
- लॉग इन के पश्चात एस.ए.एस./आर.ए./आई.ई. मेनु बार में उपस्थित अभ्यार्थियों पर क्लिक करें।
- 25 प्रवेश पत्रों के बैच के मुद्रण के लिए "25 प्रवेश पत्रों के मुद्रण के लिए हाइपर लिंक O_24,25_49 …….. इत्यादिं" पर क्लिक करें।
- एक प्रवेश पत्र के मुद्रण के लिए, अभ्यर्थी के केवल सूची संख्या पर क्लिक करें।

प्रवेश पत्र में दिए गए स्थान पर व.ले.अ./ले.अ. (प्रशासन) के प्रति हस्ताक्षर होने है। कृपया नमूना प्रति को परिचितीकरण के लिए पहले से पढ़ लिया जाए।

संलग्नकः- नमूना प्रवेश-पत्र

भवदीय

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं. 430/105-परीक्षा प्रोग्राम/तिथि-पत्र/2012
दिनांकः- 01-07-2012

2012 का परिपत्र संख्या 18
(हिन्दी अनुबाद)

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए./आई.सी.आई.एस.ए. निदेशक (कार्मिक)

विषयः- सितम्बर, 2012 में होने वाली एस.ए.एस./आर.ए. एवं प्रोत्साहन परीक्षाओं के लिए तिथि-पत्र।

महोदय/महोदया,

पत्र संख्या 226/45-परीक्षा/परिपत्र/2012 दिनांक 01-05-2012, के अन्तर्गत जारी किए गए परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 12 की निरन्तरता में दिनांक 11 सितम्बर, 2012 से 17 सितम्बर, 2012 तक आयोजित होने वाली सितम्बर, 2012 एस.ए.एस./आर.ए/प्रोत्साहन परीक्षाओं की तिथि पत्र संलग्न है।

कृपया इस पत्र की पावती भेंजे।

संलग्नक -तिथि-पत्र

भवदीय

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

**भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुरशाह जफरमार्ग नई दिल्ली-**

सितम्बर, 2012 एस.ए.एस./आर.ए एवं प्रोत्साहन परीक्षाओं के लिए तिथि-पत्र

| दिनांक/दिन | पूर्वाह्न सत्र (9:00 से 13:30) | अपराह्न सत्र (14: 00 से 18:30) |
|---|---|---|
| 11-09-2012 मंगलवार | पी.सी. - 1 (1 पेपर ) | आर.ए.ई.- I एवं आई.ई.- I<br>पी.सी. - 27, 28 एवं 29<br>(5 पेपर) |
| 12-09-2012 बुधवार | पी.सी.- 2 (1 पेपर ) | पी.सी. - 8, 9, 10, 11 एवं 12<br>(5 पेपर) |
| 13-09-2012 बृहस्पतिवार | पी. सी. -3, एवं आई.ई - 3<br>(2 पेपर) | पी. सी. - 13, 14 एवं 15<br>(3 पेपर) |
| 14-09-2012 शुक्रवार | पी.सी.- 4 आई. ई - 4<br>(2 पेपर) | पी.सी.-16, 17,18,19 एवं 20<br>(5 पेपर) |
| 15-09-2012 शनिवार | पी.सी.-5, 6, एवं 7<br>(3 पेपर) | पी.सी.- 21, 22, 23, 24, 25, 26 एवं आर.ए.ई - 4 से आर.ए.ई - 9<br>(12 पेपर) |
| 16-09-2012 रविवार | अवकाश | अवकाश |
| 17-09-2012 सोमवार | आर.ए.ई -2 एवं आर.ए.ई - 3<br>(2 पेपर) | आई.ई. - 2 (1 पेपर) |

## बैच टाईमिंग्स

| दिनांक/दिन | पूर्वाह्न सत्र | | अपराह्न सत्र | |
|---|---|---|---|---|
| | बैच - I | बैच - II | बैच - III | बैच - IV |
| 11-09-2012 मंगलवार | 9 : 00 से 11 : 30 | शून्य | 14 : 00 से 16.: 00 | 16 : 30 से 18 : 30 |
| 12-09-2012 से 17-09-2012 | 9 : 00 से 11 : 00 | 11 : 30 से 13 : 30 | 14 : 00 से 16 : 00 | 16 : 30 से 18 : 30 |

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं..489 /45-परीक्षा/परिपत्र/ 2010-2012
दिनांकः 01/08/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 17

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए. एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- दिनांक 11-09-2012 से 17-09-2012 तक आयोजित होने वाली एस.ए.एस./आर ए/ आई परीक्षा।

महोदय/महोदया,

इस कार्यालय के 2012 के परिपत्र सं. 9, जो पत्रांक सं.217/परीक्षा/परिपत्र/2012 दिनांक 24-04-2012 के अन्तर्गत परिचालित किया गया था, की निरन्तरता में यह दोहराया जाता है कि एस.ए.एस अभ्यर्थियों को पी.सी.- I (भाषा कौशल) के भाग "बी" (मौलिक प्रारूप एवं लेखन योग्यताएं) सहित सी.बी.टी. मोड द्वारा परीक्षा से परिचय हेतु ऑनलाइन डेमो टेस्ट के अभ्यास के लिए उत्साहित करें। डेमो टेस्ट वेब साइट http://76.74.250.14/cagdtest पर उपलब्ध है जिसके लिए सी.ए.जी की वेबसाइट का मार्ग हमारे बारे में > अन्य विंग > परीक्षा- ऑनलाइन डेमो टेस्ट भी प्रयोग किया जा सकता है।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं.. 301/45-परीक्षा/परिपत्र/ 2010-2012
दिनांकः 17/05/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 16

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए.
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- पी.सी.-4/आई.ई. -4 सूचना तकनीकि (व्यवहारिक) तथा पी.सी.-1, सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस. तथा प्रोत्साहन परीक्षा में सोफ्टवेयर का संस्करण।

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस./प्रोत्साहन परीक्षाओं के पी.सी.-4/आई.ई.-4 सूचना तकनीकि (व्यवहारिक) प्रश्न पत्रों में परिचालन प्रणाली तथा सोफ्टवेयर क्रमशः Windows XP&MS Office 2003 होगे। अतः अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण तद्नुसार दिया जाय।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं.. 260/45-परीक्षा/परिपत्र/ 2010-2012
दिनांकः 16/05/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 15

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए.
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- दिनांक 11-09-2012 से 17-09-2012 तक आयोजित होने वाली एस.ए.एस. परीक्षा।

महोदय/महोदया,

दिनांक 11-09-2012 से 17-05-2012 तक आयोजित होने वाली एस.ए.एस. परीक्षा के विषय में कर्मचारी नियुक्ति विंग ने अपने पत्रांक 436/कर्म (नियु.-I)/24-2010/kw-II दिनांक 14-05-2012 द्वारा निम्नलिखित स्पष्टीकरण जारी किये हैं-

(अ) लेखा एवं हकदारी कर्मचारी जो पूर्व में सिविल आडिट परीक्षा में सम्मिलित हो चुके है परन्तु अनुत्तीर्ण रहे, सिविल एकाउन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। तथापि उनके एस.ए.एस (सिविल आडिट) परीक्षा में प्रयोग आये अवसरो को उनके शेष अवसरो के साथ गिना जायेगा। पुनः वे सिविल आडिट परीक्षा में तब तक सम्मिलित नही होगे जब तक पितृत्व कार्यालय में सिविल एकाउन्टस परीक्षा खुली है।

(ब) लेखा एवं हकदारी कर्मचारी जिन्होने एस.ए.एस. सिविल आडिट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और वर्तमान में आडिट आफिस में सम्भव समावेशन के लिए आडिट आफिस में प्रतिनियुक्ति पर हैं उनको एस.ए.एस (सिविल एकाउन्टस) परीक्षा 2012 में बैठने की अनुमति नही है।

(स) लेखा एवं हकदारी कार्यालय के एस.ए.एस (सिविल आडिट) उत्तीर्ण कर्मचारी जिनका आडिट शाखा में समावेशन नही हुआ है सहायक लेखा अधिकारी में पदोन्नति के लिए एस.ए.एस (सिविल एकाउन्ट) के शेष प्रश्न पत्रों को उत्तीर्ण करना होगा। तथापि ऐसे कर्मचारियों को एस.ए.एस (सिविल एकाउन्टस) परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए लिखित बचन देना होगा कि किसी भी आडिट आफिस में समावेशन के लिए अपने दावे को छोड देगे। पुनः उनके एस.ए.एस (सिविल आडिट) में प्रयोग में आये सभी अवसरो को शेष अवसरो के साथ गिना जायेगा।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं.. 241/45-परीक्षा/परिपत्र/2010-2012
दिनांकः 07/05/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 14

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए.
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस. परीक्षा/आर.ए.परीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षा के लिए अभ्यर्थियो के पंजीकरण का अनुमोदन।

महोदय/महोदया,

यह स्मरण कराया जाता है कि सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस./आर.ए/आई.परीक्षाओं के लिए पात्र अभ्यर्थियों के पंजीकरण किये जा रहे हैं और, जैसा कि परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 10 जो पत्रांक 221/45-परीक्षा/परिपत्र/ 2010 -12 दिनांक 27 - 04 - 2012 द्वारा सूचित किया गया था, 15 मई, 2012 तक पूर्ण हो जायेगे। विभागाध्यक्ष द्वारा अभ्यर्थन का अनुमोदन/अस्वीकृत क्रियाशील हो चुका है। उपरोक्त परीक्षाओ के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण का विभागाध्यक्षों द्वारा अनुमोदन 07- 05- 2012 से 15 -05 -2012 तक खुला होगा। यह प्रार्थना की जाती ही कि परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 11 और 13 जो कि क्रमशः पत्रांक 224/45-परीक्षा / परिपत्र / 2010 -2012 दिनांक 30 - 04 - 2012 तथा 236/45-परीक्षा/परिपत्र/2010 - 2012 दिनांक 02 - 05 - 2012 के अन्तर्गत जारी किये गये थे को इन परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण का अनुमोदन करते समय ध्यान रखे।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं.. 236/45-परीक्षा/परिपत्र/ 2010-2012
दिनांकः 02/05/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 13

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए.
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- सी.ए.जी. के एम.एस.ओ. (प्रशासनिक) खण्ड - I के पैरा 9.2.6 में दिये गये प्रावधान में छूट।

महोदय/महोदया,

सी.ए.जी. के एम.एस.ओ. (प्रशासनिक) खण्ड - I के पैरा 9.2.6 में दिये गये प्रावधान में छूट के सम्बन्ध में कर्मचारी नियुक्ति विंग के परिपत्र संख्या 116-कर्म.(नियु. I)/18-2010/के डब्ल्यू दिनांक 17-02-2012 के निरन्तरता में यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि वे अभ्यर्थी जिन्होने दो वर्ष की लगातार सेवा पूरी नही की है और परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक सितम्बर, 2012 में एस.ए.एस. मुख्य परीक्षा प्रारम्भ होने तक पूरी नही की है सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस. परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं है।

क्योकि क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपर्युक्त परीक्षा के लिए अभी पंजीकरण हो चुका होगा अतः यह सुनिश्चित करें कि उन अभ्यर्थियों का विभागाध्यक्षों द्वारा अभ्यर्थन रद्द कर दिया है जिन्होने सितम्बर, 2012 की एस.ए.एस. की मुख्य वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ होने तक दो वर्षों की लगातार सेवा/परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूरी नही की है।

कृपया इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं.. 226/45-परीक्षा/परिपत्र/ 2012
दिनांकः 01/05/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 12

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए.
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- अगस्त/सितम्बर, 2012 में एस.ए.एस.परीक्षा/राजस्व लेखापरीक्षा परीक्षा/प्रोत्साहन परीक्षा का आयोजन।

महोदय/महोदया,

परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 06 जो कि पत्रांक 204/45-परीक्षा/पंजी (वार्षिक)/ एस.ए.एस./आर.ए./प्रोत्साहन परीक्षा/2010 (खण्ड- II) दिनांक 09-04=2012 के द्वारा जारी किया गया था के निरन्तरता में यह सूचित किया जाता है कि आगामी एस.ए.एस./आर.ए./आई. परीक्षा 11 सितम्बर, 2012 से 17 सितम्बर, 2012 तक आयोजित होगी।
तिथि वार कार्यक्रम बाद, में सूचित किया जायेगा।

इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सं.. 224/45-परीक्षा/परिपत्र /2010-2012
दिनांकः 30/04/ 2012

2012 का परिपत्र संख्या 11

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
आर.टी. आई./आर.टी.सी./एन.ए.ए.ए/आई.सी.आई.एस.ए.
निदेशक (कार्मिक)

वियषः- राजस्व लेखाापरीक्षा परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्रता।

महोदय/महोदया,

कर्मचारी नियुक्ति विंग ने अपने परिपत्र संख्या 16/कर्म (नियुक्ति- I )2012 जो पत्रांक 350-कर्म. (नियुक्ति- I)/1-2006/ के डब्ल्यू- I दिनांक 27-04-2012 के अन्तर्गत जारी किया था (भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के कार्यालयों को ई-मेल द्वारा प्रेषित)द्वारा सितम्बर, 2012 में आयोजित होने वाली राजस्व लेखापरीक्षा परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए मापदण्ड निर्धारित किये है। अतः यह सुनिश्चित करे कि सितम्बर, 2012 मे होने वाली राजस्व लेखापरीक्षा परीक्षा में वे ही अभ्यर्थी पंजीकरण करे जो इन मापदण्डों को पूरा करते हो। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों से यह प्रार्थना की जाती है कि वे यह सुचिश्चित करे कि मापदण्डों को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी ही पंजीकरण करे। जो अभ्यर्थी उपरोक्त मापदण्डों को पूर्ण नही करते है उनके पंजीकरण का अनुमोदन न करे/रद्द कर दें। सितम्बर, 2012 में आयोजित होने वाली एस.ए.एस/आर.ए.ई./आई परीक्षा के पंजीकरण की तिथि पहले ही 15-5-2012 तक बढा दी गयी हैं जैसा कि परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र संख्या 10 जो कि पत्रांक 221/45-परीक्षा/परिपत्र 2010-12 दिनंक 27-04-2012 द्वारा जारी है के द्वारा सूचित कर दिया गया है।

परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली।
परीक्षा अनुभाग

संख्या. 221/45-परीक्षा/परिपत्र/2010-2012
दिनांक: - 27 - 04 - 2012

2012 का परिपत्र संख्या 10

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी कार्यालय आर.टी.आई/आर.टी.सी/एन.ए.ए.ए. शिमला/आई सी आई एस ए/ निदेशक (कार्मिक)

विषय : - एस ए एस./आर.ए./प्रोत्साहन परीक्षा सितम्बर, 2012 के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण की तिथि का विस्तार।

महोदय/महोदया,

सितम्बर 2012 में होने वाली एस.ए.एस./आर.ए./प्रोत्साहन परीक्षा के लिए कुछ क्षेत्रीय कार्यालयो ने प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन नही किया गया था अतः परीक्षा अनुभाग के 2012 के परिपत्र सं. 06, जो पत्रांक 204/105-परीक्षा/पंजी (वार्षिक)/आर.ए./आई.ई./2010-2012 दिनांक 09-04-2012 के द्वारा परिचालित किया गया था, में सूचित की गई अन्तिम तिथि 27-04-2012 को सितम्बर 2012 में आयोजित होने वाली एस.ए.एस./आर.ए./आई.ई. के पंजीकरण की अन्तिम तिथि को 15-05-2012 तक बढ़ाया गया है।

इस परिपत्र की पावती भेजें।

भवदीय

(कर्ण सिंह)
प्रधान निदेशक(परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

संख्या. 217/परीक्षा/परिपत्र/2012

दिनांक: - 24 - 04 - 2012

2012 का परिपत्र संख्या 09

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी कार्यालय आर.टी.आई/आर.टी.सी/एन.ए.ए.ए. शिमला/आई सी आई एस ए/ निदेशक (कार्मिक)

विषय : - एस ए एस./प्रोत्साहन परीक्षा सितम्बर, 2012 पी.सी.- I तथा पी.सी. -4 /आई.ई.-4 के बाबत ।

महोदय/महोदया,

इस कार्यालय के 2012 के परिपत्र सं. 5, जो पत्रांक 203/105-परीक्षा/परिपत्र/2012 दिनांक 09-04-2012 के अन्तर्गत परिचालित किया गया था, के निरन्तरता में यह सूचित किया जाता है कि पी.सी.- I, भाषा कौशल के हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए एस.ए.एस.परीक्षा, सितम्बर, 2012 में परीक्षा के लिए कस्टमाईजड ले आउट की बोर्ड "रैमिंगटन" के साथ आम तौर पर प्रयोग होने वाला "अक्षर" फोन्ट उपलब्ध होगा। यही फोन्ट तथा कस्टमाइजड ले आउट की बोर्ड पहले ही सी.ए.जी को बेबसाइट पर पी.सी.- I भाषा कौशल के अभ्यर्थियों को अभ्यास के लिए

